एक नजर

नसीरुद्दीन शाह की खरी-खरी

मुम्बई। नसीरुद्दीन शाह बोले हैं और इस बार क्या खूब बोले हैं। उन्होंने भारत में रहने वाले उन मुस्लिमों पर निशाना साधा है, जो अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी का जश्न मना रहे हैं। नसीरुद्दीन ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें उन्होंने हिंदुस्तानी इस्लाम और दुनिया के बाकी हिस्सों के इस्लाम के बीच फर्क बताया है।नसीरुद्दीन ने सवाल पूछा है कि तालिबान की पैरवी करने वाले भारतीय मुस्लिम अपने मजहब में सुधार चाहते हैं पिछली सदियों जैसे वहशीपन के साथ जीना चाहते हैं। शाह ने कहा, 'हिंदुस्तानी इस्लाम हमेशा दुनिया भर के इस्लाम से हमेशा मुख्तलिफ (अलग) रहा है। और खुदा वो वक्त न लाये कि वो इतना बदल जाए कि हम उसे पहचान भी न सकें।'

कॉलेज के 32 छात्र कोरोना पॉजिटिव

नई दिल्ली। तीसरी लहर के आने की आशंका के बीच कुछ राज्यों में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। कर्नाटक में एक कॉलेज के 32 छात्र कोविड-19 पॉजिटिव मिले हैं। कर्नाटक के कोलार स्थित कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड हॉस्पीटल के 32 छात्रों के कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद यहा हड़कंप मच गया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर के सुधाकर ने बुधवार को बताया कि केजीएफ नर्सिंग कॉलेज के 32 छात्र कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। यह सभी केरल से आए थे। मैं कॉलेज का दौरा करूंगा और कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ एक्शन भी लिया जाएगा।

राष्ट्रपति पांच सिंतबर को तीन दिवसीय दौरे पर गोवा आएंगे

पणजी । राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद पांच सिंतबर को तीन दिवसीय दौरे पर गोवा आएंगे। गोवा के सूचना विभाग ने बुधवार को इसकी जानकारी दी।सूचना विभाग ने कहा राष्ट्रपति कोविंद छह सितम्बर को ह्यआईएनएस हंसाह्न के हीरक जयंती समारोह के अवसर पर नौसेना के उड्डयन प्रभाग के ह्यप्रेसिडेंट्स कलरह्नकार्यक्रम में शामिल होने वाले है। आईएनएस हंसाह्न नौसैनिक अड्डा वास्को शहर में स्थित है, जो पणजी से करीब 40 किलोमीटर दूर है।

पीएम और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष बीच बातचीत हुई

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल के साथ फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने अफगानिस्तान के ताजा घटनाक्रमों और क्षेत्र तथा दुनिया पर इसके प्रभावों के संबंध में चर्चा की। उन्होंने काबुल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए भीषण आतंकी हमले की कड़ी निंदा की जिसमें कई लोग मारे गए थे। उन्होंने एक स्थिर और सुरक्षित अफगानिस्तान के महत्व पर जोर दिया और इस संदर्भ में भारत और यूरोपीय संघ की संभावित भूमिका पर भी चर्चा की। दोनों नेता द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दे, खासतौर से अफगानिस्तान की स्थिति पर संपर्क में रहने पर सहमत हुए।

सिंतबर में 12 दिन बंद रहेंगे बैंक

नई दिल्ली। बुधवार से नया महीने शुरू हो गया है। इसके बाद आपको भी सितंबर माह में बैंक से जुड़ा कोई कामकाज निपटाना है,तब आप उससे पहले छुट्टियों की लिस्ट जरूर चेक कर लें।सितंबर महीने 4 या 6 दिन नहीं बल्कि पूरे 12 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा। बता दें ये छुट्टियां राज्यों के हिसाब से अलग-अलग हैं,तब आप बैंक जाने से पहले ये जरूर देख लें कि आपके राज्य के बैंक खुल हैं या बंद हैं।

बंगाल की खाड़ी तक पहली बार पहुंची चीन की सड़क-ट्रेन

भारत के लिए बड़ा खतरा

यंगून(एजेंसी)। लद्दाख में आंखें दिखा रहे चीन ने अपनी स्ट्रिंग ऑफ पर्ल नीति के तहत भारत की चौतरफा घेरेबंदी तेज कर दी है। इसी कड़ी में चीन ने पहली बार भारत का प्रभाव क्षेत्र कहे जाने वाले हिंद महासागर तक अपनी पहली ट्रेन दौड़ा दी है जो सड़क मार्ग से जुड़ी है। नई नवेली रेलवे लाइन के जरिए सामान लेकर यह ट्रेन म्यांमार सीमा से पश्चिमी चीन के चेंगदू व्यवसायिक हब तक रवाना हुई है। इस रोड-रेललाइन की मदद से चीन की अब सीधी पहुंच बंगाल की खाड़ी तक हो गई है।चीन की सरकारी न्यूज सर्विस के मुताबिक प्रयोग के तौर पर सामान को चाइना-म्यांमार न्यू पैसेज के जरिए 27 अगस्त को चेंगदू रेल पोर्ट तक

लाया गया है। इस ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर में समुद्री-रोड रेल लिंक शामिल है। सिंगापुर से चीन का सामान अंडमान सागर से होते हुए मालवाहक जहाज के जरिए म्यांमार के यंगून बंदरगाह तक पहुंचा था। इसके बाद सामान को सड़क के जरिए म्यांमार-चीन सीमा पर यूनान प्रांत के लिकांग तक पहुंचाया गया।

बंगाल की खाड़ी तक पहुंचाई सड़क

इसके बाद सामान को लिकांग से रेलवे के जरिए चेंगदू तक ले जाया गया। इस तरह से चीन अब सिंगापुर से म्यांमार के रास्ते भी जुड़ गया है। चीनी रिपोर्ट में कहा गया है कि यह हिंद महासागर से दक्षिणी-पश्चिमी चीन को कनेक्ट करने का सबसे आसान रास्ता है। चीन ने कहा कि इस रास्ते के इस्तेमाल से एक तरफ यात्रा में 20 से 22 दिन कम लग रहे हैं। चीन की म्यांमार के अशांत रखाइन राज्य में क्याउकफयू में एक और बंदरगाह बनाने की योजना है। यही नहीं चीन इस बंदरगाह तक यूनान से सीधी रेलवे लाइन बनाना चाहता है लेकिन म्यांमार में हिंसा के कारण चीन की इस परियोजना में देरी हो रही है। चीन अभी पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह के जरिए हिंद महासागर से जुड़ने पर काम कर रहा है। इससे वह मलक्का स्ट्रेट में अपने दुश्मनों के घेरे जाने के खतरे से बच जाएगा। ग्वादर पोर्ट को सीपीईसी के तहत बनाया जा रहा है। हालांकि अगर चीन चेंगदू के लिए म्यांमार के रास्ते व्यापार करता है तो उसका खर्चा ग्वादर के मुकाबले कम आएगा।

रोहतक में 4 हत्याओं की गुत्थी सुलझी

रोहतक। हरियाणा के रोहतक में हुई 4 हत्याओं की गुत्थी सुलझ गई है। बेटी के नाम परिवार की सारी प्रॉपर्टी करने और आपसी कहासुनी के कारण बेटे ने ही अपने मां-बाप, बहन और नानी पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर मार दिया था। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी अभिषेक उर्फ मोनू (20) गिरफ्तार कर लिया है। रोहतक शहर की झज्जर चुंगी स्थित विजय नगर में 27 अवक्ष्वरळ को बबलू पहलवान, उसकी पत्नी बबली, सास रोशनी और बेटी तमन्ना की घर में ही गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के पीछे परिवार में तनाव, अभिषेक उर्फ मोनू के पर्सनल ईश्यू, रुपयों और प्रॉपर्टी विवाद रहा है। मोनू इस बात से नाराज था कि उसके पिता ने सारी प्रॉपर्टी उसकी बहन के नाम कर दी थी। पुलिस का दावा है कि अभी सिर्फ अभिषेक को गिरफ्तार किया है। उसने किस प्रकार वारदात को अंजाम दिया जल्द ही इस बारे में खुलासा किया जाएगा।

जो बाइडेन और अशरफ गनी की बातचीत लीक

काबुल। अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों के जाने के बाद अब पंजशीर को छोड़कर हर जगह तालिबान का राज है। 15 अगस्त को अशरफ गनी के अफगानिस्तान छोड़ने के बाद तालिबान ने तेजी से काबुल पर भी कब्जा कर लिया था। इससे 23 दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और अशरफ गनी के बीच 14 मिनट लंबी बातचीत हुई थी।

रॉयटर्स ने इस बातचीत पर एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 23 जुलाई को गनी और बाइडेन के बीच क्या बात हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक बाइडेन ने गनी से तालिबान को रोकने का प्लान मांगा था। बाइडेन ने कहा था कि प्लान मिलने के बाद ही वे मदद भेजेंगे। इससे पहले अमेरिका ने अफगान आर्मी के सपोर्ट में एयरस्ट्राइक्स भी की थीं।

अफगान सेना की मदद करना चाहते थे बाइडेन

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक बाइडेन चाहते थे कि अफगानिस्तान के जनरल बिस्मिल्लाह को तालिबान के खिलाफ लड़ने की जिम्मेदारी मिलनी चाहिए। फोन कॉल से जाहिर हो रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति अफगानिस्तान की सेना को मदद पहुंचाने की पूरी कोशिश कर रहे थे। उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि अगले ही महीने तालिबान अफगानिस्तान पर पूरी तरह से कब्जा करने वाला है।

उज्जैन के दो गांवों में जली नौ चिताएं

परिवार वाले बदहवास ,गांव वालों की आंखें नम

उज्जैन। राजस्थान के नागौर में हुए हादसे में मृत लोगों के शव बुधवार को उज्जैन पहुंच गए। शव जैसे ही दौलतपुर और सजनखेड़ा गांवों में पहुंचे, तो चीख-पुकार मच गई। परिवार वाले बदहवास हो गए। गांव वालों की आंखें नम हो गई। गांव में अंतिम संस्कार की पहले ही तैयारी कर ली गई थी। सजन खेड़ा में एक साथ 6 चिताएं जलीं। वहीं दौलतपुरा में पति-पत्नी का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया है। दौलतपुर में एक ही परिवार के तीन तो सजनगढ़ में एक ही परिवार के चार और दो अन्य परिवारों के सदस्यों के शव लाए गए थे। दो शवों को आगर और एक को तराना पहुंचाया गया।बता दें कि उज्जैन के दो गांवों से 40 लोग राजस्थान के धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए दो गाड़ियों से गए थे। इसमें से 18 लोगों से भरी तूफान जीप को राजस्थान में नागौर स्थित श्रीबालाजी के पास मंगलवार सुबह ट्रेलर ने टक्कर मार दी। इसमें 12 लोगों की मौत हो गई थी, 6 लोग घायल हो गए थे।राजस्थान में मृतकों का पीएम करने के बाद शवों को शाम को रवाना किया गया। सभी 12 मृतकों के शव बुधवार दोपहर करीब 1 बजे गांव पहुंचे। एएसपी आकाश भूरिया ने बताया कि सफर करीब 750 किमी लंबा था और एंबुलेंस में शव रखे थे, इस वजह से गाड़ियों को धीमी गति से ही लाया गया। एंबुलेंस आने के पहले ही मृतकों के परिजनों के यहां ग्रामीणों व रिश्तेदारों का आना शुरू हो गया था। साथ ही अंतिम संस्कार की भी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। दौलतपुर में केशर बाई और उसके पति बाबूलाल का अंतिम संस्कार एक ही चिता पर किया गया है।

फिरोजाबाद में बुखार-डेंगू का कहर

योगी ने सीएमओ को हटाया

फिरोजाबाद । फिरोजाबाद में वायरल बुखार और डेंगू का कहर जारी है, अब तक करीब 60 मरीजों की मौत हो चुकी है, जिनमें करीब 45 बच्चे भी शामिल हैं। फिरोजाबाद में बढ़ रहे इस खतरे को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीएमओ को हटा दिया है। शासन ने बुधवार को फिरोजाबाद की सीएमओ डॉ. नीता कुलश्रेष्ठ को हटा कर उन्हें अलीगढ़ के जिला अस्पताल भेज दिया है। उनके स्थान पर हापुड़ के एसीएमओ डॉ. दिनेश प्रेमी को फिरोजाबाद का नया सीएमओ बनाया गया है।डेंगू और वायरल बुखार जनपद में मासूम बच्चों पर कहर बरपा रहा है। अब तक जिले में मौत का आंकड़ा 60 पर पहुंच गया है। इनमें से करीब 45 बच्चे भी शामिल हैं। देहात क्षेत्रों में वायरल बुखार फैलने की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय हो गई है। देहात में कैंप लगाकर दवाओं का वितरण किया जा रहा है। सौ शैय्या अस्पताल में 185 बच्चे भर्ती हैं। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मरीजों की बढ़ती संख्या को देख संसाधन जुटाना शुरू कर दिए हैं। कानपुर और आगरा से मेडिकल कॉलेज में बाल रोग चिकित्सक बुलाए गए हैं। ताकि बच्चों को उचित उपचार दिया जा सके। मेडिकल कॉलेज का सौ शैय्या वार्ड लगभग फुल है।

फॉर्म ए
सार्वजनिक सूचना
(भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 केविनियम 6 केअंतर्गत)
गिरधारीलाल शुगर एंड एलाइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लेनदारों के ध्यान के लिए

	प्रासंगिक विवरण	
1.	कॉर्पोरेट देनदार का नाम	गिरधारीलाल शुगर एंड एलाइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि	27/10/1989
3.	प्राधिकरण जिसके तहत कॉर्पोरेट डेब्टर निगमित/पंजीकृत है	रजिस्ट्रार ऑफ़ कम्पनीज-ग्वालियर
4.	कॉर्पोरेट देनदार की कॉर्पोरेट पहचान संख्या (CIN)	L15424MP1989PLC005564
5.	कॉर्पोरेट देनदार का पंजीकृत कार्यालय और प्रधान कार्यालय का पता	45/47-ए, औद्योगिक क्षेत्र संख्या 1ए.बी. रोड देवास एम पी 455001 IN
6.	कॉर्पोरेट देनदार की दिवाला प्रारंभ दिनांक	17/08/2021(आर्डर प्राप्त किया 30/08/2021)
7.	दिवाला समाधान बंद होने की अनुमानित तिथि	13/02/2022
8.	दिवाला पेशेवर का नाम तथा पंजीकरण संख्या जो की अंतरिम समाधान पेशेवर के रूप में कार्य कर रहे हैं	**नाम**- आशीष कनोदिया पंजीकरण संख्या: आईबीबीआई/आईपीए-001/आईपी-पी00634, 20172018/11106
9.	अंतरिम समाधान पेशेवर का पता तथा ई-मेल जो की बोर्ड पर पंजीकृत हैं	**पता:** 5, हेतलएपीटी, पहली मंजिल, आरती स्कैन केंद्र के ऊपर, एन. एस. रोड, मुलुंड (पश्चिम), मुंबईशहर, महाराष्ट्र, 400080 **ईमेल:**ashishkanodiaabnjca.com
10.	अंतरिम समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता और ई-मेल	जे एम वी डी लीगल, 402, आशादिल पसंद इम्पीरियल साउथ तुकोगंज इंदौर, हाईकोर्ट गेट नंबर 3 के सामने, इंदौर एम.पी. **ईमेल:** irp.girdharialgmail.com
11.	दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	16/09/2021
12.	लेनदारों का वर्ग, यदि कोई हो, धारा 21 की उपधारा (6ए) के खंड (बी) के तहत, अंतरिम समाधान पेशेवर के द्वारा निधारित	NA
13.	एक वर्ग में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए पहचाने गए दिवाला पेशेवरों के नाम (प्रत्येक वर्ग के लिए तीन नाम)	NA
14.	रिलेवेंट क्लेम फॉर्म, यहां उपलब्ध हैं:	वेबलिंक:https://ibbi.gov.in/home/downloads

एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि माननीय नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल इंदौर ने 17/08/2021 (30/08/2021 को आर्डर प्राप्त) को गिरधारीलाल शुगर एंड एलाइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।

गिरधारीलाल शुगर एंड एलाइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लेनदारों को एतद द्वारा प्रविष्टि संख्या 10 के सामने उल्लिखित पते पर 16/09/2021 को या उससे पहले अपने दावों को सबूत के साथ अंतरिम समाधान पेशेवर को प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है।

वित्तीय लेनदारों को अपने दावों को केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रमाण के साथ प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदार व्यक्तिगत रूप से, डाकद्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रमाण के साथ दावे प्रस्तुत कर सकते हैं।

दावे के झूठे या भ्रामक प्रमाण प्रस्तुत करने पर दंड लगाया जाएगा।

हस्ता.
आशीष कनोदिया
अंतरिम समाधान पेशेवर
गिरधारीलाल शुगर एंड एलाइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
आईबीबीआई/आईपीए-001/आईपी-पी00634/2017-2018/111061

दिनांक: 01/09/2021
स्थान: मुंबई

स्वामी संसार पब्लिकेशन प्रा.लि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र संघवी द्वारा सफायर ट्वीन्स पी.यू.-3, स्कीम 54, 16/17 ए.बी. रोड, इंदौर से प्रकाशित एवं कुमार इंजीनियर्स ऑफसेट डिवीजन, सफायर ट्वीन्स पी.यू.-3, स्कीम 54, 16/17 ए.बी. रोड इंदौर से मुद्रित। फोन 0731 - 2575511-12। सम्पादक भरत दोशी, आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक 47622/88 (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा)।